अनुक्रमांक .....                                   नाम ...

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2022–23

## कक्षा – द्वादश

## विषय : सामान्य हिन्दी

निर्धारित समय : 3:15 घण्टे                                   पूर्णांक : 100

सामान्य निर्देश :

1. प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर खण्डों के क्रमानुसार ही करिए।
2. कृपया जांच लें प्रश्न पत्र में प्रश्नों की कुल संख्या 10 तथा मुद्रित पृष्ठों की संख्या 07 है। कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।
3. घण्टी का प्रथम संकेत प्रश्न पत्रों के वितरण एवं प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए है। 15 मिनट के पश्चात घण्टी के द्वितीय संकेत पर प्रश्न पत्र हल करना प्रारम्भ करिए।

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर स्वच्छ एवं सुन्दर लेख में लिखिए । सम्पूर्ण प्रश्न–पत्र दो भागों खण्ड क तथा खण्ड ख में विभाजित है ।

### खण्ड–क

प्र.1 (क) खड़ी बोली गद्य के प्रारम्भिक उन्नायकों में से कौन उन्नायक नही है – 1

(अ) मुंशी सदा सुखलाल  (ब) इंशा अल्ला खां

(स) सदल मिश्र  (द) जयशंकर प्रसाद

(ख) हिन्दी प्रदीप के सम्पादक थे – 1

(अ) जय शंकर प्रसाद  (ब) प्रताप नारायण मिश्रा

(स) बालकृष्ण भट्ट  (द) सूर्यकान्त त्रिपाठी

(ग) भगत सिंह को फाँसी दी गयी थी – 1

(अ) भारतेन्दु युग में  (ब) छायावादी युग में

(स) द्विवेदी युग में  (घ) प्रगतिवादी युग में

(घ) हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास है – 1

(अ) परीक्षा गुरू  (ब) चन्द्रकान्ता

(स) गबन  (द) इरावती


https://www.upboardonline.com

(ङ) आवारा मसीहा की रचना विधा है – 1

(अ) आत्मकथा (ब) कहानी

(स) जीवनी (द) संस्मरण

प्र.2 (क) आदिकाल का अन्य नाम बीजवपन काल के नामकरण कर्ता हैं – 1

(अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) रामचन्द्र शुक्ल (द) मिश्र बन्धु

(ख) अखरावट के रचयिता हैं – 1

(अ) उस्मान (ब) मलिक मोहम्मद जायसी

(स) कुतुबन (द) मंझन

(ग) आचार्य चिन्तामणि हैं – 1

(अ) भक्ति कालीन कवि (ब) रीति मुक्त कवि

(स) रीतिबद्ध कवि (द) रीति सिद्ध कवि

(घ) प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना हुई थी – 1

(अ) सन् 1936 ई. में (ब) सन् 1935 ई. में

(स) सन् 1934 ई. में (द) सन् 1938 ई. में

(ङ) तृतीय तार सप्तक की प्रकाशन अवधि है – 1

(अ) सन् 1943 ई. में (ब) सन् 1959 ई. में

(स) सन् 1955 ई. में (द) सन् 1949 ई. में

प्र.3 दिये गये गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

जंगल में जिस प्रकार अनेक लता, वृक्ष और वनस्पति अपने अदम्य भाव से उठते हुए पारस्परिक सम्मिलन से अविरोधी स्थिति प्राप्त करते है उसी प्रकार राष्ट्रीय जन अपनी संस्कृतियों के द्वारा–दूसरे के साथ मिलकर राष्ट्र में रहते हैं। जिस प्रकार जल के अनेक प्रवाह नदियों के रूप में मिलकर समुद्र में एक रूपता प्राप्त करते हैं उसी प्रकार राष्ट्रीय जीवन की अनेक विधियाँ राष्ट्रीय संस्कृति में समन्वय प्राप्त करते है। समन्वययुक्त जीवन ही राष्ट्र का सुखदायी रूप है।

(क) जंगल और राष्ट्रीय जन में क्या समानता है ? 2

(ख) विभिन्न संस्कृतियों के मिलन की तुलना किससे की गयी है ? 2

https://www.upboardonline.com

(ग) अदम्य और अविरोधी शब्दों के अर्थ लिखिए । 2

(घ) उपर्युक्त पाठ के शीर्षक एवं लेखक का नाम लिखिए । 2

(ङ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए । 2

अथवा

अशोक को जो सम्मान कालिदास से मिला, वह अपूर्व था । सुन्दरियों के आसिंजनकारी नूपुर वाले चरणों के मृदु आघात से वह फूलता था, कोमल कपोलों पर कर्णावतंस के रूप में झूलता था और चंचल नीले अलकों की अचंचल शोभा को सौ गुना बढ़ा देता था । वह महादेव के मन में क्षोभ पैदा करता था, मर्यादा पुरूषोत्तम के चित्त में सीता का भ्रम पैदा करता था और मनोजन्मा देवता के एक इशारे पर कन्धों पर से ही फूट उठता था ।

(क) प्रस्तुत गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए । 2

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए । 2

(ग) किस फूल की सुन्दरता के कारण सुन्दरियाँ उन्हें अपने कानों का आभूषण बनाती है ? 2

(घ) संस्कृत के किस कवि ने अशोक को अपने साहित्य में स्थान दिया । 2

(ङ) आसिंजनकारी तथा कर्णावतंस शब्दों के अर्थ लिखिए । 2

प्र.4 दिये गये पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

कोई प्यारा कुसुम कुम्हला गेह में जो पड़ा हो ।<br>
तो प्यारे के चरण पर ला डाल देना उसी को ।।<br>
यों देना ए पवन बतला फूल सी एक बाला ।<br>
म्लाना हो हो कमल–पग को चूमना चाहती है ।।

(क) उपर्युक्त पद्यांश के पाठ और कवि का नाम लिखिए । 2

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए । 2

(ग) श्रीकृष्ण के कमलवत चरणों को कौन चूमना चाहता है ? 2

(घ) उपर्युक्त पद्यांश किस छन्द में लिखा गया है । 2

(ङ) मुरझाए हुए पुष्प को कहां डालने के लिए कहा गया है ? 2

अथवा

https://www.upboardonline.com

दु:ख की पिछली रजनी बीच विकसता सुख का नवल प्रभात
एक परदा यह झीना नील छिपाये है जिसमें सुख गात।
जिसे तुम समझे हो अभिशाप, जगत् की ज्वालाओं का मूल
ईश का वह रहस्य वरदान कभी मत इसको जाओ भूल।

(क) पाठ का शीर्षक एवं कवि का नाम लिखिए। 2

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए। 2

(ग) सुख का नवल प्रभाव क्यों विकसता है ? 2

(घ) प्रस्तुत पद्यांश में कौन किसके हताश मन को प्रेरणा दे रहा है? 2

(ङ) नवल तथा गात शब्दों का अर्थ लिखिए। 2

प्र.5 (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय लिखते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए। (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) https://www.upboardonline.com 3+2 = 5

(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ब) प्रो. जी सुन्दर रेड्डी

(स) वासुदेव शरण अग्रवाल

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय लिखते हुए उनकी प्रमुख कवियों के नाम लिखिए – (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 3+2=5

(अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) सुमित्रानन्दन पन्त

(स) जयशंकर प्रसाद

प्र.6 ध्रुवयात्रा कहानी का सारांश लिखिए। (अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द) 5

अथवा

पंचलाइट कहानी का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए।
(अधिकतम शब्द सीमा 80 शब्द)

प्र.7 स्वपठित खण्ड काव्य के आधार पर खण्ड काव्य का कथानक अपने शब्दों में लिखिए। (अधिकतम शब्द सीमा शब्द) 5

अथवा

स्वपाठित खण्ड काव्य के प्रमुख पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।

खण्ड–ख

प्र.8 (क) दिये गये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 2+5


https://www.upboardonline.com

इयं भाषा अस्माभिः मातृसमं सम्माननीया वन्दनीया च, यतो भारत मातुः, स्वातन्त्र्यं, गौरवं, अखंडत्वं सांस्कृतिकमेकत्वंच संस्कृतेनैव सुरक्षितुं शक्यन्ते । इयं संस्कृत भाषा सर्वासु भाषासु प्राचीनतमा श्रेष्ठा चारित्त । ततः सुष्ठूक्तम् 'भाषासु मुख्या मधुरा दिव्या गीवार्ण भारती' इति ।

अथवा

याज्ञवल्क्य उवाच न वा अरे मैत्रेयि । पत्युः कामाय पतिः प्रियो भवति । आत्मनस्तु वै कामाय पतिः प्रियो भवति । न वा अरे जायायाः कामाय जाया प्रियो भवति आत्मनस्तु वै कामाय जाया प्रिया भवति । न वा अरे पुत्रस्य वित्तस्य च कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति आत्मनस्तु वै कामाय पुत्रो वित्तं वा प्रियं भवति ।

(ख) दिये गये श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 2+5=7

विद्या विवादाय धनं मदाय शक्तिः परेषां पर पीडनाय ।
खलस्य साधोः विपरीतमेतद् ज्ञानाय दानाय चर क्षणाय ।।

अथवा

न मे रोचते भद्रं वः उलूकस्थाभिषेचनम् ।
अक्रुद्धस्य् मुखं पश्य कथं कुद्धो भविष्यति ।।

प्र.9 निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए । 1+1=2

(क) हाथ कंगन को आरसी क्या
(ख) बन्दर घुड़की देना
(ग) न ऊधौ का लेना न माधौ का देना
(घ) तलवार की धार पर चलना

प्र.10 (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि विच्छेद के सही विकल्प का चयन कर लिखिए ।

1. प्रभृत्येव का सही सन्धि–विच्छेद हैं – 1

(अ) प्रभृती + एव
(ब) प्रभृ + तीव
(स) प्रभृति + एव
(द) प्रभृति + ऐंव

2. उभावपि का सही सन्धि विच्छेद हैं – 1

(अ) उभौ + अपि
(ब) उभो + अपि
(स) उभु + अपि
(द) उभू + अपि

https://www.upboardonline.com

3. कठोपनिषद् का सही सन्धि विच्छेद है – 1

(अ) कठो + उपनिषद (ब) कठ + उपनिषद

(स) कठु + उपनिषद (द) कठू + उपनिषद

(ख) दिये गये निम्नलिखित शब्दों की विभक्ति और वचन के अनुसार सही विकल्प का चयन करके लिखिए । 1

1. आत्मनि शब्द में विभक्ति और वचन है – 

(अ) सप्तमी एकवचन (ब) षष्ठी एकवचन

(स) सप्तमी बहुवचन (द) द्वितीया बहुवचन

2. नाम्ने शब्द में विभक्ति और वचन है – 1

(अ) तृतीया एकवचन (ब) चतुर्थी एकवचन

(स) चतुर्थी द्विवचन (द) चतुर्थी बहुवचन

प्र.11 (क) निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए –

1. श्रांत – श्रान्ति 1

(अ) खिन्न और थकान (ब) थकान और खिन्न

(स) भूखा और प्यासा (द) प्यासा और भूँखा

2. कपिश – कपीश 1

(अ) बन्दर और भालू (ब) भालू और बन्दर

(स) मटमैला और सुग्रीव (द) सुग्रीव और हनुमान

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक के दो अर्थ लिखिए – 2

(अ) खेचरी (ब) अश्म

(स) वर

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक सही शब्द का चयन करके लिखिए –

1. जिसके पास कुछ भी न हो – 1

(अ) अकिंचन (ब) निर्धन

(स) निर्वस्त्र (द) बुभुक्षु

2. नीले रंग का कमल 1

(अ) कमल (ब) कमल समूह

(स) कलेवर (द) इन्दीवर

https://www.upboardonline.com

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – 2

(अ) पूज्यनीय पिता जी को प्रणाम (ब) यह स्त्री अपराधी है।

(स) इस समस्या का कोई उपाय है ? (द) मोती सीपी में पलती है।

प्र.12 (क) वीर अथवा शान्त रस का स्थायी भाव के साथ उदाहरण भी लिखिए। 1+1=2

(ख) यमक अथवा उत्प्रेक्षा अंलकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 1+1=2

(ग) दोहा अथवा कुण्डलिया छन्द का लक्षण और उदाहरण लिखिए। 1+1=2

प्र.13 कम्प्यूटर संस्थान खोलने के लिए ऋण प्राप्त करने हेतु किसी बैंक के प्रबन्धक को एक आवेदन पत्र लिखिए। 2+4=6

अथवा

हिन्दी प्रवक्ता पद पर नियुक्ति हेतु विद्यालय के प्रबन्धक को एक आवेदन पत्र लिखिए।

प्र.14 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा शैली में निबन्ध लिखिए। 9

(अ) आजादी का अमृत महोत्सव (ब) राष्ट्रीय एकता

(स) नशाखोरी एक अभिशाप (द) प्रदूषण कारण और निवारण

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.upboardonline.com